(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)
कमरा संख्या: 104, प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007 (दूरभाष: 011-27666269, एक्स नं.: 1225)
Room No.: 104, 1st Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone: 011-27666269, Ext. No.: 1225)

फाइल संख्या: आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2016/ दिनांक: 02/09/2016

# परिपत्र

## विषय: विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह/हिंदी दिवस-2016 का आयोजन।

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह/हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय में अगस्त/सितम्बर माह में **हिंदी सप्ताह/हिंदी दिवस-2016** मनाया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) के लिए तीन वर्गों अर्थात **वर्ग क, ख तथा ग** में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं **सम्मेलन केंद्र, वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने, दिल्ली विश्वविद्यालय** में आयोजित की जाएंगी :

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | दिन सहित तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी दिवस एवं हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता | 14/09/2016 | 15:00 बजे |
| 02. | हिंदी आशुभाषण | 15/09/2016 | 1500 बजे |
| 03. | हिंदी निबंध | 16/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 04. | हिंदी श्रुतलेखन | 19/09/2016 | 1530 बजे |
| 05. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 20/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 06. | हिंदी फिल्मी गाना अंत्याक्षरी | 21/09/2016 | 1500 बजे |

**पात्रता :**

**वर्ग 'क'**- जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी है या जो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए **वर्ग क** के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

**वर्ग 'ख'**- जो गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए **वर्ग ख** के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

**वर्ग 'ग'**-जो कर्मचारी उपर्युक्त **वर्ग क** तथा **वर्ग ख** में उल्लिखित राज्यों/संघ क्षेत्रों के निवासी नहीं है और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए **वर्ग ग** के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

**01. प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता सभी कर्मचारियों अर्थात् वर्ग क, वर्ग ख एवं वर्ग ग के लिए आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतियोगी से एक पर्ची (प्रश्न) चुनने को कहा जाएगा। उक्त पर्ची (प्रश्न) को संचालक जोर से हिंदी में पढ़ेगा। जिसका सही उत्तर प्रतियोगी को **10 सेकंड** में हिंदी में देना होगा। आवश्यकतानुसार वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्द अंग्रेजी में हो सकते हैं। यदि प्रतियोगी प्रश्न का सही उत्तर दे देता है तो उसे तत्काल पुरस्कार प्रदान कर दिया जाएगा। प्रश्नों का चयन हिंदी के अलावा अन्य ज्ञान के क्षेत्र से भी किया जाएगा। **एक प्रतियोगी को एक ही पुरस्कार दिया जाएगा।**

.....2/-

02. **हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता :** इसमें प्रत्येक वर्ग के प्रतियोगी को बोलने के लिए अलग-अलग विषय उसी समय दिए जाएंगे । उस विषय पर **तीन मिनट** हिंदी में बोलना है ।

03. **हिंदी निबंध प्रतियोगिता :** प्रतियोगी को हिंदी में निम्न विषय पर **300 शब्दों** में एक निबंध लिखना होगा जिसके लिए उन्हें **60 मिनट** का समय दिया जाएगा। निबंध का विषय - **"आधुनिक जीवनशैली और आयुर्वेद (Modern Lifestyle and Ayurveda)"**

04. **हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता :** इस प्रतियोगिता में **दस मिनट** के लिए एक पाठ श्रुतलेखन (डिक्टेशन) के लिए बोला जाएगा। जिसे बाद में **दो मिनट** के लिए दुहराया भी जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रतियोगी को किसी शब्द को दुहराने का अनुरोध करने की अनुमति नहीं होगी। प्रतियोगियों द्वारा लिखे गए पैराग्राफ का अशुद्धियों, लेखन एवं लिखे गए कुल शब्दों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

05. **हिंदी टिप्पण एवं अनुवाद प्रतियोगिता:** सभी प्रतियोगियों को प्रश्नपत्र में दिए गए कुछ हिंदी वाक्यांश, एक पैराग्राफ को अंग्रेजी से हिंदी, हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना होगा तथा दिए गए विषयों पर टिप्पण लिखना होगा। इस प्रतियोगिता के लिए **60 मिनट** का समय दिया जाएगा।

06. **हिंदी फिल्मी गाना अंत्याक्षरी प्रतियोगिता:** यह प्रतियोगिता सभी कर्मचारियों अर्थात् वर्ग क, वर्ग ख एवं वर्ग ग के लिए आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी (संविदा कर्मियों सहित) अपनी-अपनी टीम बनाकर भाग ले सकते हैं। प्रत्येक टीम में अधिकतम तीन अधिकारी/कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। यह प्रतियोगिता तीन राउंड (अर्थात् अंतिम अक्षर से गायन, संगीत सुनकर फिल्म का नाम पहचानना एवं संगीत सुनकर गायक का नाम पहचानना) में आयोजित की जाएगी। गाने के बोल/भाषा में अश्लीलता नहीं होनी चाहिए। किसी भी टीम को गाने/पहचानने के लिए **10 सेकेंड** का समय दिया जाएगा। किसी भी गाने की पुनरावृत्ति की अनुमति नहीं होगी।

**नोट :**

01. उपर्युक्त क्रमांक **02 से 05** तक की सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रदान किए जाएंगे **जबकि प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 5 (पांच) प्रतियोगी भाग लेने से तीन पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय व तृतीय ) तथा इससे कम होने पर एक ही पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और प्रत्येक प्रतियोगिता में 10 या इससे अधिक प्रतियोगी होने पर एक सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा।** उपर्युक्त क्रमांक 02 से 05 तक की प्रतियोगिताओं के लिए **कोई प्रतियोगी अधिकतम 03 (तीन) पुरस्कार पाने का पात्र होगा।** क्रम संख्या 06 की प्रतियोगिता (हिंदी फिल्मी गाना अंत्याक्षरी) का पुरस्कार (अर्थात् प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार) जीतने वाली टीम को सामूहिक रूप से दिए जाएंगे।
02. निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रतियोगी के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
03. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्णायक मंडल/उत्तर पुस्तिकाओं के जाँचकर्ता/विशेषज्ञ/कुलसचिव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
04. प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम यथासमय सूचना पट्ट एवं दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट में राजभाषा प्रकोष्ठ के लिंक पर प्रकाशित कर दिए जाएंगे।

......3/-

05. क्रमांक 0. से 05 तक की सभी प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को प्रोत्साहन हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए क्रमश: 800 रुपए, 500 रुपए, 300 रुपए एवं 200 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता के अंतर्गत अधिकतम 50 (पचास) सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक विजेता प्रतियोगी को पुरस्कार स्वरूप 100 रुपए नकद प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पुरस्कार सहित प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

06. प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का स्थल एवं समय :

**कमरा नं. ......, सम्मेलन केंद्र (Conference Centre),**
**वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय,**
**समय : 1400 बजे से 1630 बजे तक**
**दिनांक : 14-09-2016 से 21-9-2016 तक**

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। जो कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित प्रपत्र को भरकर दिनांक 13-9-2016 तक निम्नलिखित अधिकारी के पास अवश्य भेज दें:

**सहायक कुलसचिव (राजभाषा)**
**राजभाषा प्रकोष्ठ, कमरा सं. 104,**
**प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, उत्तरी परिसर,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**(अधिक जानकारी के लिए कृपया सहायक कुलसचिव (राजभाषा) से दूरभाष सं. 27666269 या इंटरकॉम 1225 पर संपर्क कर सकते हैं)**

संलग्नक : यथोपरि,

आनंद कु. सोनी
02/09/2016
(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

**प्रतिलिपि:**

1. सभी विभाग/निदेशालय/केंद्र/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख
2. निदेशक (कंप्यूटर केंद्र) - अनुरोध है कि कृपया संलग्न परिपत्र को राजभाषा के वेबपेज पर अपलोड करें।

**प्रपत्र PROFORMA**

# दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

दिनांक Date : /09/2016

सेवा में To,

सहायक कुलसचिव (राजभाषा),
राजभाषा अनुभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय (उचित माध्यम द्वारा **Through Proper Channel**)

मैं I,________________________ निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता/चाहती हूँ am willing to participate in the following competition(s) :

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | दिन सहित तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी दिवस एवं हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता | 14/09/2016 | 15:00 बजे |
| 02. | हिंदी आशुभाषण | 15/09/2016 | 1500 बजे |
| 03. | हिंदी निबंध | 16/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 04. | हिंदी श्रुतलेखन | 19/09/2016 | 1530 बजे |
| 05. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 20/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 06. | हिंदी फिल्मी गाना अंत्याक्षरी | 21/09/2016 | 1500 बजे |

(कृपया प्रतियोगिता के सामने दिए बॉक्स में √ चिह्न लगाएं)

हस्ताक्षर Signature : ________________

नाम Name : ________________

पदनाम Designation : ________________

अनुभाग Section : ________________

मातृभाषा Mother tongue:__________वर्ग Group:______

फोन सं. Phone No. : ____________

यहां से फाड़े ....................tear of...................... यहां से फाड़े..............................tear of.............यहां से फाड़े

(प्रतियोगी के लिए For Participant)

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | दिन सहित तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी दिवस एवं हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता | 14/09/2016 | 15:00 बजे |
| 02. | हिंदी आशुभाषण | 15/09/2016 | 1500 बजे |
| 03. | हिंदी निबंध | 16/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 04. | हिंदी श्रुतलेखन | 19/09/2016 | 1530 बजे |
| 05. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 20/09/2016 | 1530 बजे से 1630 बजे |
| 06. | हिंदी फिल्मी गाना अंत्याक्षरी | 21/09/2016 | 1500 बजे |